मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-464
17/12/2019

मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर एवं विष्णुपद मंदिर में की पूजा–अर्चना

पटना, 17 दिसम्बर 2019 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गया पहुॅचे। गया हवाई अड्डे पर शिक्षा मंत्री सह गया जिले के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, सांसद श्री विजय कुमार एवं जिलाधिकारी गया द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री गया हवाई अड्डे से सीधे महाबोधि मंदिर पहुॅचे, जहॉ उन्होंने महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा को नमन किया। महाबोधि मंदिर के पुजारियों ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। इस अवसर पर बी0टी0एम0सी0 के सचिव श्री एन0 दोरजे ने मुख्यमंत्री को भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की।

मुख्यमंत्री इसके उपरांत विष्णुपद मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान विष्णु के दर्शन किये। विष्णुपद मंदिर में पंडों ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा सम्पन्न करायी।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, सांसद श्री विजय कुमार, विधायक श्री अभय कुमार सिन्हा, विधान पार्षद श्रीमती मनोरमा देवी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री अरविंद चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री असंगबा चुबा आओ, जिलाधिकारी श्री अभिषेक सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बी0टी0एम0सी0 के सचिव श्री एन0 दोरजे सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******